जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त का कार्यालय,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

(चौकीदार नियुक्ति कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत चौकीदार के 306 रिक्त पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु विज्ञापन संख्या–01/2024 प्रकाशित है, जिसमें से 305 रिक्त पदों के विरूद्ध लिखित परीक्षा दिनांक 01/12/2024 को ली गई थी। अपरिहार्य कारणों से दिनांक 01/12/2024 को सम्पन्न लिखित परीक्षा को रद्द किया जाता है। पुनः लिखित परीक्षा की तिथि दिनांक 22/12/2024 दिन रविवार को निर्धारित की जाती है। परीक्षा के संबंध में अभ्यर्थियों के लिए निर्देश निम्नवत है :–

1. लिखित परीक्षा कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों की ली जाएगी, जिसमें 45 प्रश्न सामान्य ज्ञान एवं 05 प्रश्न अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अंकित किए गए स्थानीय भाषा से सम्बंधित होंगे। प्रश्न क्रमांक 01 से 45 जिला से संबंधित सामान्य ज्ञान एवं 46 से 50 स्थानीय भाषा से संबंधित होंगे।
2. परीक्षा की अवधि डेढ़ घंटे होगी, जिसका समय पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर समय प्रातः 10:00 बजे तक रिपोर्ट करना होगा।
3. लिखित परीक्षा में कुल प्राप्तांक के अनुसार सफल उम्मीदवारों की सूची 1:3 की संख्या में शारीरिक जॉच हेतु तैयार की जाएगी।
4. इस परीक्षा के लिए अलग से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र ही अनुमान्य होंगे।
5. प्रवेश पत्र में अंकित पूर्व में निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर ही परीक्षा आयोजित की जाएगी।
6. ओ0एम0आर0 सीट को भरने के लिए केवल काला बॉल प्वाइंट पेन का ही प्रयोग किया जा सकेगा। परीक्षा केन्द्र पर पुस्तक, नोटस, इलक्ट्रानिक्स उपकरण आदि लेकर प्रवेश करना निषिद्ध होगा।
7. यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा हॉल में अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाया जाएगा, तो उस पर मौजुदा नियमों के अनुसार दण्ड लगाया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
8. विज्ञापन संख्या–01/2024 में उल्लेखित परीक्षा संबंधी शेष शर्त्तें यथावत रहेगी।

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर।

ज्ञापांक 1526 / चौ0नि0को0, दिनांक : 11/12/2024

प्रतिलिपि : जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि सभी स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में सूचना का प्रकाशन दो अलग–अलग तिथियों में करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर को निदेश दिया जाता है कि पूर्वी सिंहभूम जिला के विभागीय वेबसाईट पर उक्त सूचना को अप–लोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : सभी अंचल अधिकारी / सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : सभी थाना प्रभारी, पूर्वी सिंहभूम को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि अपने थाना क्षेत्र में प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : जिला शिक्षा अधीक्षक / जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि संबंधित केन्द्राधीक्षकों को अपने स्तर से सूचित करते हुए परीक्षा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे।

प्रतिलिपि : नजारत उप समाहर्त्ता, पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि सभी आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : अनुमण्डल पदाधिकारी, धालभूम / घाटशिला को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : उपविकास आयुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल, चाईबासा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉची को सूचनार्थ प्रेषित।

11/12/24.

उपायुक्त,

पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर।